हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 10.6 डिग्री

देश में समाज की मजबूती के लिए महिलाओं को भूमिका… 12



छोटेमेरी में भारतीय भाषा उत्सव पर हुए … 12





## खबर संक्षेप

### 30 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 दिसंबर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बड़ा तालाब के सामने खेत सरायपाली के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी महुआ शराब रख कर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी उदे कुमार सारथी पिता स्व. भोला सारथी (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 10 बाजारपारा सरायपाली को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के रखा महुआ शराब जुमला 30 लीटर कीमत 6000 रुपये जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला के कब्जे से शराब जब्त

**महासमुंद**। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिटांगीपाली में पुलिस ने अवैध शराब के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिटांगीपाली पहुंची, जहां बिंदु बाई सहिस पिता प्रभुलाल सहिस (45 साल) निवासी बिटांगीपाली के कब्जे से उसके घर के बाड़ी में रखे एक 15 पाऊच कुल 03 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 600 रुपये जब्त किया गया। मामले में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट

**महासमुंद**। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। सक्तीपारा उर्कुरा रायपुर थाना खमतराई जिला रायपुर निवासी कुमारी बाई निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 9 दिसंबर को जमीन बंटवारे के लिए वह अपनी मां बुंदा बाई निर्मलकर व उसकी बड़ी बहन कुंती निर्मलकर मायके ग्राम नवागांव गए थे। 11 दिसंबर को सुबह घर के जमीन बंटवारा के लिए उनका भाई सुरेश निर्मलकर गांव के लोगों को बुलाए थे, जमीन बंटवारा की बात होने के बाद रात में सभी खाना खाकर सोये थे। रात करीबन 1 बजे सुरेश निर्मलकर ने तुम लोग बंटवारा लेने आए हो कहकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ-मुक्का से एवं टंगिया से कुमारी बाई व कुंती निर्मलकर से मारपीट करने लगा, जिसे बीच बचाव करने आई बुंदा बाई निर्मलकर को भी सुरेश ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी सुरेश निर्मलकर के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# 3 साल में पहुंचा नल कनेक्शन, जल आपूर्ति में लगेंगे 6 माह और

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन साल बीत जाने के बाद भी जल जीवन मिशन के काम अब तक पूरे नहीं हुए हैं। 81 फीसदी घरों में ही नल कनेक्शन ही पहुंच पाए हैं वहीं कई गांव ऐसे हैं, जहां पानी टंकियां शो पीस बनकर रह गई हैं।

बता दें कि जिले में जून 2021 से जल जीवन मिशन का काम चल रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक करीब 1005 में करीब 650 टंकियां बन गई हैं। इसमें बाकी का काम चल रहा है। कहीं-कहीं जलस्त्रोत कम होने के पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई हैं। ऐसे करीब 600 गांवों में नलकूप खनन की योजना बनाई गई। कई गांवों में नलकूप खनन हो गया है। जल जीवन मिशन के तहत सबसे कम काम बसना विकासखंड में हुआ है। यहां लक्षित 43675 घरों में सिर्फ 34799 घरों में नल कनेक्शन पहुंचे हैं। आंकड़ों के मुताबिक सरायपाली विकासखंड में 80.97, बसना विकासखंड में 79.68, पिथौरा विकासखंड 83.14, महासमुंद विकासखंड में 82.79 और बागबाहरा विकासखंड में 82.42 प्रतिशत काम हो पाया है। जिले के कई गांव में हर साल लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है।

पेयजल के लिए दूर-दूर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। जल जीवन मिशन के काम पूरे होने के बाद गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बागबाहरा विकासखंड के कुछ गांवों में बोर खनन फेल होने से टंकियां खाली पड़ी है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने का इंतजार है।

## जल जीवन मिशन की टंकियां कई जगहों पर बनी शो पीस, ग्रामीणों को आपूर्ति का इंतजार

### और लग सकते हैं छः माह

समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के तहत आने वाली गर्मी के सीजन में 15 हजार घरों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। अभी दो बड़ी टंकियों का निर्माण जारी है। इन टंकियों से गांव की 48 टंकियों में पानी की सप्लाई की जाएगी। समोदा बैराज महानदी पर बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार 66.58 करोड़ की लागत से काम हो रहा है। 70-80 हजार की आबादी को इस योजना का लाभ मिलेगा। फिलहाल, काम पूरा होने में छह माह का समय और लग सकता है। समोदा बैराज से आसपास गांवों में जलस्तर कम है। दरअसल, नौ साल पहले समूह जलप्रदाय योजना बनाई गई थी। इसे जल जीवन मिशन योजना से जोड़कर काम प्रारंभ किया गया। अब काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।



| ब्लॉक | लक्ष्य | कनेक्शन |
|---|---|---|
| सरायपाली | 48007 | 38870 |
| बसना | 43675 | 34799 |
| पिथौरा | 51521 | 48834 |
| महासमुंद | 50971 | 42198 |
| बागबाहरा | 46819 | 38590 |

### गर्मी में मिलेगी लोगों को राहत, 1118 गांवों में जारी है कार्य

जल जीवन मिशन के तहत अब तक काम पूरा हो जाना था। कई जगहों पर नलकूप फेल होने की वजह से देरी हुई है। जल जीवन मिशन योजना का मुय उद्देश्य गांवों में घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, क्योंकि, गर्मी के सीजन में जलस्तर में गिरावट से हाहाकार मच जाता है। लोगों को पेयजल की व्यवस्था करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। जिले में जल जीवन मिशन के तहत 1118 गांवों में काम चल रहा है। यह योजना उन गांवों के लिए वरदान साबित होगी, जहां पर पेयजल की समस्या सालभर रहती है। गर्मी में घर-घर पानी पहुंचने से यह समस्या खत्म हो जाएगी।

## विडंबना: आश्वासन के बावजूद कैबिनेट के निर्णय से चावल उद्योग में मायूसी

# मिलर्स अपनी मांगों के लेकर फिर अड़े बोले- 20 तक न मिलिंग करेंगे न उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





मिलर्स आगामी 20 दिसंबर तक न मिलिंग करेंगे न धान उठाव करेंगे। इसमें वे मिलर्स भी शामिल हैं जिनके लिए धान परिवहन का डीओ जारी हो चुका है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में धान खरीदी धान जाम होने के कारण रुकने के आसार नजर आ रहे हैं। मिलर्स ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर और डीएमओ को आगामी आंदोलन की रुपरेखा से अवगत करा दिया है। प्रदर्शन में सरायपाली, बसना,पिथौरा, बागबाहरा, महासमुंद ब्लॉक के बड़ी संख्या में मिलर्स उपस्थित रहे।

बता दें कि राईस मिलर्स ने अपनी मांगें राज्य सरकार से सहमति मिलने उपरांत छग सरकार द्वारा भी 22-23 बकाया भुगतान, वास्तविक परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगे पूरी नहीं होने पुनः हड़ताल पर जाने की ठान ली है और 2024-25 का कस्टम मिलिंग कार्य आगामी 20 दिसंबर तक तक नहीं करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला राइस मिल एसोसिएशन सहित प्रदेश के समस्त मिलर्स की उपस्थिति में वृहद बैठक हुई जिसमें बुधवार को राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक में चावल उद्योग से संबंधित विषयों पर निर्णय लिया। जिसमें मिलर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ वर्ष 2022-23 के प्रोत्साहन की बाकी किस्त की मांग मुख्य थी जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भुगतान पर मुहर लगा दी, साथ ही (एसएलसी) वास्तविक परिवहन दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया।

इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूटा और मिलर्स ने कहा कि यह मिलर्स के साथ सरकार की वादा खिलाफ़ी है। एक तरफ़ मिलर्स में सरकार से बातचीत उपरांत सहमति बनने से उत्साह का वातावरण था लेकिन, कैबिनेट से जो निर्णय आया उससे पूरे प्रदेश के मिलर्स में निराशा का वातावरण बन गया।

### फिर से अपनी मांगों से कराया अवगत

मिलर्स ने मांग की है कि प्रदेश सरकार जिन विषयों में सहमति बनी उस समस्या का समाधान निकाल सके जिससे किसानों को भी कोई असुविधा ना हो। उल्लेखनीय है कि मिलर्स को कस्टम मिलिंग का बकाया भुगतान जो करोड़ों में है वह ना होने से मिलर्स की आर्थिक स्थिति खराब है। मिलर के पास बैंक गारंटी बनाने, चावल जमा करने पैसा नहीं है। ऐसी स्थिति में मिलर को भुगतान के अभाव में मिलर कस्टम मिलिंग कार्य करने असमर्थ हो चुका है।

### इसलिए जरुरी है प्रोत्साहन राशि: मनोज

जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की मानें तो धान जल्दी उठाने पर सूखत 7-8 प्रतिशत आती है। धान में जो 67 प्रतिशत चावल झड़ती का मानक है वह हमारे छत्तीसगढ़ के धान में अलग-अलग जिलों व क्षेत्रों में 50 से 56 प्रतिशत होती है इसलिए मिलर्स को प्रोत्साहन (क्षतिपूर्ति) राशि की जरूरत है।

# प्राचीन भारत के गौरव को लेकर विश्व पटल पर चमकेगा सिरपुर: रूपकुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंटकर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने लोकसभा अंतर्गत सिरपुर नगर में शोध सर्वे एवं उत्खनन के साथ-साथ सिरपुर को विश्व धरोहर में सम्मिलित करने और पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विकास के लिए सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर के गौरवशाली इतिहास को सुनने के बाद केंद्र सरकार द्वारा सिरपुर नगर के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का विश्वास दिलाया है।

सांसद चौधरी ने बताया कि सिरपुर में नए सिरे से शोध सर्वे एवं उत्खनन और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि वर्तमान स्थापित ग्राम वासियों को कोई समस्या ना हो, लोकसभा चुनाव के प्रचार समय से ही रूपकुमारी चौधरी यह कहती रही है कि विकास कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सिरपुर एवं राजिम जो छत्तीसगढ़ के साथ-साथ भारत के गौरवशाली इतिहास स्थापत्य कला एवं नगर शैली के परिचायक हैं, इन्हें विश्व पटेल पर प्रदर्शित करने के साथ-साथ पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विस्तार एवं विकास के लिए हर संभव प्रयास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। हाल ही में सत्र के लिए दिल्ली आने से पहले सांसद श्रीमती चौधरी ने सिरपुर विकास अभिकरण साडा के सीईओ वाय चंद्रशेखर राव के साथ ही सिरपुर में नासा की मदद से सैटेलाइट द्वारा भूमिगत सर्वेक्षण का कार्य करने वाले भूवैज्ञानिकों के साथ ही सिरपुर में शोध कर रहे इतिहासकारों से भेंट कर विषय की पूरी जानकारी ली थी और उन्हें आगे की शोध, विकास एवं उत्खनन के लिए पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया था। हाल ही में 21 नवंबर को महासमुंद में सांसद श्रीमती चौधरी ने सिरपुर की जानकारी को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए निर्मित वेबसाइट का भी प्रारंभ किया था।

### गुकेश के विश्व विजेता बनने पर जीत का जश्न

**महासमुंद**। भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश ने शह और मात के इस खेल में शतरंज की दुनिया में युवा विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। गुकेश के विश्व विजेता बनने पर जिला शतरंज संघ महासमुंद के सौजन्य से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर इस ऐतिहासिक जीत को सेलिब्रेट करते हुए विद्यालय में बच्चों ने केक काटा और खुशी के इस खास मौके पर मिठाई बांटी गई। जिला व राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 12 दिसंबर का दिन हम सभी के लिए गौरवशाली व एतिहासिक रहा। गुकेश ने अंतिम बाजी को जादुई ढंग से जीतकर देश को विश्व विजेता का खिताब तोहफे के रूप में दिया। विशेष आमंत्रित मिनी गोल्फ के राष्ट्रीय चैंपियन एस इमरान ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी महान खिलाड़ी अपनी शुरुआती दिनों में एक सामान्य खिलाड़ी के तरह ही होता है। उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और कुछ कर गुजरने का जज्बा ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाता है। दुर्ग से आई शतरंज खिलाड़ी सोनी, सेजेश स्कूल की छात्राद्वय अर्शी, आशी व विद्यालय के बच्चों के साथ उनके शिक्षक दिलीप कुमार पटेल व तबस्सुम मौजूद रहीं।



### चौथी एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत आज

महासमुंद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार 14 दिसंबर को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा राजस्व सहित 25 खंडपीठ बनाए गए है। जिसके माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। यह वर्ष 2024 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खंडपीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कर सकते हैं।

### सड़क किनारे पिकअप वाहन अड़ाकर खेत से बोर मोटर चोरी का प्रयास

**महासमुंद**। बीती रात को कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा बसना थाना क्षेत्र में बोर में लगे मोटर पंप को चोरी करने का प्रयास किया गया। बताया गया कि एनएच 53 में जहां छांदनपुर धान खरीदी केंद्र के ठीक सामने रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर पास में लगे गुलाब सिंह पटेल के बोरवेल मोटर पंप को चोरी की नीयत से निकालने लगे। मोटर निकालने से आने वाली आवाज को सुन कर धान खरीदी केंद्र के हमाल जब देखने आए तो आरोपी वाहन को छोड़ कर भाग खड़े हुए, तब किसान के द्वारा पुलिस थाना बसना में सूचना के बाद उक्त वाहन को छांदनपुर लाया गया है बताया जा रहा है कि नंबर के आधार पर यह वाहन लहरौद पडाव पिथौरा का दिखा रहा है। ज्ञात हो कई बार यह पिकअप कबाड़ी लिए गांव व आसपास के गांव में भी देखा गया।



आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## विधायक योगेश्वर ने कलेक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। इस दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, स्काउट एवं गाइड के सभापति संदीप दीवान, प्रकाश वर्मा, सहायक संचालक जनसम्पर्क पोषण साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेस क्लब महासमुंद के अध्यक्ष रत्नेश सोनी सहित स्थानीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विधायक सिन्हा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी जनता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, सरकार ने बीते एक वर्ष में विकास और जनकल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। जिनका उद्देश्य विकास और जनकल्याण है। प्रदर्शनी में इन योजनाओं और उनके कार्यान्वयन की झलकियां प्रदर्शित की गई हैं। इस दौरान विधायक ने स्थानीय युवाओं को सरकार की योजनाओं की पहुंच जानने के लिए चर्चा की। युवाओं ने कहा कि वास्तव में राज्य में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण सुशासन स्थापित हो रहा है। प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की तस्वीरें और जानकारी प्रदर्शित की गई हैं। इसमें प्रमुख योजनाओं में पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि, और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है।




### प्रदर्शनी का अवलोकन कर साझा किया अनुभव

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे लोगों ने सरकार के प्रयासों की सराहना की। अभी हाल ही में सब इंस्पेक्टर के लिए चयन हुए भाग्य ध्रुव, प्रदीप दीवान, भारती मांडले, भारती देवांगन, धनेश्वरी कंवर, मयंक सिन्हा समेत युवाओं ने कहा कि इस वर्ष सरकार द्वारा लोक सेवा आयोग की परीक्षा परिणाम में पारदर्शिता बढ़ती गई, जिससे योग्य अधिकारियों का चयन हो सका। इन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जनसंपर्क विभाग द्वारा बेहतर तरीके से पहुंचाई जा रही है। हमने सरकार द्वारा प्रकाशित कई पुस्तकों का अध्ययन किया, जिससे हमें सफलता अर्जित करने में सहायता मिली। रेखा सोनी ने कहा कि यह प्रदर्शनी उन्हें सरकार की योजनाओं और उनके लाभों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करती है।

जनता के बीच सरकार की पारदर्शिता और उपलब्धियों को साझा करने के इस प्रयास को काफी सराहना मिल रही है। कलेक्ट्रेट परिसर में चल रही इस प्रदर्शनी को देखने के लिए अधिकारी कर्मचारी सहित आम नागरिक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर लोगों को जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई।

पाठक सूचना

हरिभूमि

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### अछोला सोसायटी में विधायक प्रतिनिधि बने नानक



**महासमुंद।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अछोला में नानक चंद ठाकुर को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। सहकारी समिति अछोला में ठाकुर का स्वागत किया गया। ठाकुर ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के हित के लिए सदैव कार्य करूंगा।



### कोमाखान में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**नर्रा।** कोमाखान में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राधिकृत अध्यक्ष गोरख यादव ग्रामीण सेवा सहकारी कोमाखान ने फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पंकज जैन, परमेश्वर साहू, पर्यवेक्षक जितेंद्र साहनी, सहायक लेखापाल रूपेश सिन्हा समिति प्रबंधक ( कामेश साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, टेमन मार्कंडेय, गोवर्धन ध्रुव, रमेश चंद्राकर, अजय दीवान), टुकेश ठाकुर ,विनोद चंद्राकर ,राजू साहू, अनिल महाराज, तोरण चंद्राकर, खुबचंद साहू, सुभाष साहू, टेकराम साहू भूषण सिन्हा वीरेंद्र चंद्राकर, पवन यादव, लक्ष्मीचंद सेन, दिलीप साहू, भूषण देवांगन, रोहित देवांगन, खिलावन यादव, गोवर्धन सेन सहित किसान उपस्थित रहे।



### भलेसर में थाली व थैला दान अभियान

**महासमुंद।** पूरे भारत में महाकुंभ प्रयागराज को स्वच्छ रखने के लिए एक थाली और एक थैला का अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भलेसर जय बजरंग नवयुवक समिति ग्राम भलेसर की ओर से तीर्थ प्रयागराज कुंभ में प्लास्टिक मुक्त कुंभ के लिए 21 नग थाली व 21 नग थैला समिति की ओर से सहयोग किया गया।

### विद्यार्थियों का प्रकृति परीक्षण किया गया

**महासमुंद।** देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक के प्रभारी डॉक्टर सर्वेश दुबे (आ.चि.अ.) एवं डॉ देवेंद्र सिंह कुंजाम (आ.चि.अ.) व मेरी रोस (नर्सिंग सिस्टर ) उपस्थित रहीं। सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट भलेसर रोड में प्रकृति परीक्षण व उसके व्यापक महत्व पर संक्षिप्त कार्यशाला आयोजित किया गया। बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया गया।

---

**विरोध : एक साल के कार्यकाल में भाजपा की नाकामी का मुद्दा**

# कांग्रेस ने जताया भाजपा सरकार का विरोध, किया मौन धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ को 1 साल में बेहाल करने वाली भाजपा सरकार के विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी के द्वारा मौन धरना प्रदर्शन किया गया।

आज लगातार छत्तीसगढ़ में लोग परेशान हैं। बीजेपी ने वादा किया था युवाओं को लाखों नौकरी देने का पर हर क्षेत्र में कर्मचारियों की नौकरी छीनने का काम बीजेपी सरकार ने किया है। हर विभाग में लगातार छंटनी की प्रक्रिया चल रही है, लोग नौकरियों के लिए लगातार आंदोलन कर रहा है।

आज पूरे प्रदेश भर में अपराध की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। अपराधियों में कानून व्यवस्था की कहीं भय नहीं है। रायपुर राजधानी समेत हर क्षेत्र में गोलीबारी चाकूबाजी चल रही है। 1 साल में 6 बार गोलीबारी, 80 हत्या एवं अनेकों लूट डकैती सामूहिक बलात्कार की घटना लगातार हो रही है।

यहां तक की पुलिस परिवार भी सुरक्षित नहीं है सूरजपुर में पुलिस कर्मी की पत्नी व मासूम बच्चे की हत्या कर दी गई है, राजधानी रायपुर में हर रोज चाकूबाजी की घटना हो रही है, जनता में दहशत का माहौल है प्रदेश में लगातार बलात्कार और गैंगरेप की घटनाओं से प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, प्रदेश सरकार के द्वारा पेड़ों के नाम पर भरपूर नौटंकी चल रही है। भाजपा नेता एक पौधा मां के नाम की नारा देकर हजारों लाखों पेड़ अदाणी के नाम पर कुर्बान करके हसदेव जंगल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है और लाखों पेड़ को कटवा डाला गया है और जंगल के पेड़ कटाई की विरोध करने पर आदिवासियों भाइयों बहनों को बेरहमी से पिटाई की गई है।

किसानों के एक साल में हाल बेहाल करने वाली भाजपा सरकार ने धान के एकमुश्त भुगतान की वादा कर एक साल में ही किसानों को धोखा देकर दो किश्तों में राशि प्रदान कर रही है और 3100 का धान की राशि का भुगतान मात्र 2300 से कर रही है। किसानों की राशि के भुगतान करने में पसीना निकल जा रहा है। कभी बारदाने की कमी,कहीं किसानों को टोकन नहीं मिलना, धान तौलाई में करोड़ों क्विंटल धान की हेराफेरी किया जा रहा है कही दो किलो कही चार किलो अतिरिक्त प्रत्येक क्विंटल में अधिक धान लिया जा रहा है। सरकार और शासन-प्रशासन के द्वारा किसानों को धमकी दिया जा रहा है कि रबी फसल लगाने पर जुर्माना देना होगा और खेतों की बिजली काट दी जाएगी। ऐसे किसान विरोधी, गरीब विरोधी, महिला विरोधी, शिक्षा विरोधी, छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर गायब करने वाली भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ मंल छत्तीसगढ़ियों का विरोध करने वाली भाजपा सरकार, अदाणी समर्थक भाजपा सरकार के खिलाफ में इन सभी मुद्दों को लेकर एक दिवसीय मौन प्रदर्शन किया गया। इस दौरान खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, डॉ.तरुण साहू महामंत्री, पार्षद निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, राजू साहू, निर्मल जैन, शाहबाज रजवानी, कविता तिवारी सेवादल, मोती साहू, छन्नू साहू, मनोहर ठाकुर, कपिल साहू तुमगांव, प्रकाश अजमानी, नितेंद्र बैनर्जी, सचिन गायकवाड, बसंत चंद्राकर, टोमन सिंह कागजी, सुरेंद्र ठाकुर, सागर डोंगरे, शुभम चंद्राकर, होरीलाल साहू, पुरुषोत्तम यादव, मुन्ना ठाकुर, भानु सोनी, जोशी एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं उक्त मौन प्रदर्शन में भाग लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1 साल पूरा होने का विरोध किया।

---

## छात्रों ने किया धान खरीदी केंद्र का भ्रमण, किसानों का साक्षात्कार लेकर जाना धान बेचने का हाल



हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चों ने प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन में सलिहाभांठा स्थित धान खरीदी केंद्र का भ्रमण किया। भ्रमण में बच्चों ने धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों व किसानों से धान खरीदी के बारे में जानकारी प्राप्त किए। बच्चों साक्षात्कार लेते हुए वहां के कर्मचारियों से पूछा कि धान खरीदने के तरीके क्या है, किस तरह से धान का रखरखाव और उठाव होता है। साथ ही चोरी और बारिश से बचाने के उपाय की भी जानकारी प्राप्त किए। बच्चों से बात में बताया गया कि केंद्र में सीसीटीवी लगाया गया है। किसानों से बात करते हुए जाना कि इस केंद्र में कितने गांव से किसान धान बेचने आते हैं और किस तरह धान को लाते हैं। तौलने वाले कर्मचारी से बात करते हुए यह जाना कि किसानों का धान व कैसे और बोरी में कितना धान तौलते हैं। खरीदी केंद्र के समीप में खोले छोटे से होटल संचालक से भी बात किए। उनसे जाना कि कितने किसान आते हैं और क्या-क्या बनाते हैं। संचालक के यह बताने पर कि किसान अपने धान को लेकर खरीदी केंद्र में दिन भर रहते हैं तो इस बीच अपनी भूख को थोड़ा शांत करने के लिए नाश्ता करने आते हैं। इस तरह बच्चों ने एक दूसरे को सहयोग को देखा। इस भ्रमण में बच्चों ने धान खरीदी की प्रक्रिया और एक-दूसरे के सहयोग और पूरकता को जाना। सभी बच्चे बहुत खुश दिखे। खरीदी केंद्र में उपस्थित लोगों ने बच्चों की इस कोशिश की खूब सराहना की।

---

## सरकार का एक पूरा, खट्टी में हुए अनेक कार्यक्रम



**महासमुंद।** सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के अंतर्गत ग्राम खट्टी में महतारी वंदन लाभार्थियों महिलाओं के बालिकाओं को सुकन्या योजना में खाता खुलवाने की प्रक्रिया को समझाया गया और पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया गया। इसके अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित किया गया कुर्सी दौड़ नड्डा दौड़ और मटका फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम चंद्रिका निषाद, दूसरा मुन्नी चंद्राकर, मटका फोड़ में प्रथम आने वाली नीतू धीवर और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली महिलाओं को उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम के महिलाएं पुष्पा ध्रुव, सावित्री साहू, कालिंदी साहू, रेवती पटेल, गुलापा साहू, जागेश्वरी, यमुना पटेल थे । साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रश्मि ध्रुव, भुनेश्वरी मेहरा, अहिमन घृतलहरे, महेश्वरी दीवान एवं विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू

### सड़क में डामरीकरण का कार्य

**महासमुंद।** राजिम मोड़ से लेकर डामरीकरण का कार्य हो रहा है जहां गड्ढे है उनको साफ करके उसमें डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।



---

## भाजपाई कुशासन का एक साल, छग हुआ बदहालः अंकित

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने वर्तमान डबल इंजन भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल को कुशासन और बदहाली का साल करार दिया जिसमें छत्तीसगढ़ की जान किसान त्राहिमाम करने मजबूर है ।

वर्तमान समय में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है, आए दिन रायपुर राजधानी तक में हत्या, लूट, डकैती, गैंगवार, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गयी है। कलेक्टर, एसपी कार्यालय तक जलाए जा रहे हैं। इस एक साल में मोदी की गारंटी हुई फेल, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे हैं। एक लाख पदों पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा जुमला निकला। जानबूझ कर शिक्षकों के 33000 पदों पर सीधी भर्ती को बाधित कर दिया गया है। प्रदेश में कहीं भी किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। टोकन, बारदाना , नमी, उठाव से लेकर तौलाई में गड़बड़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया। आदिवासियों को फर्जी एनकाउंटर में मारा जा रहा है, शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिया गया। बस्तर के बीजापुर, पीडिया, कोयलीबेड़ा में फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं, सरगुजा में हसदेव अरण्य में जंगलों की अवैध कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया गया। बलौदा बाजार मामले में सतनामी समाज के सैकड़ों निर्दोष युवा दुर्भावना पूर्वक जेल भेज दिए गए, लोहारीडीह मामले में बिना जांच के साहू समाज के सैकड़ों लोगों को हत्या के आरोप में जेल भेज दिए।

अंकित ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में लगातार मौते हो रही है, लोहारीडीह में प्रशांत साहू फिर कोरबा, बलरामपुर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी गुरूचंद मंडल की पुलिस पिटाई से मौत। 2 लाख से अधिक महिलाएं जो गौठानों के माध्यम से अपनी आजीविका कमा रही थी उनके रोजगार को छीनने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। पिछले 1 साल के दौरान बिजली के दरों में चार-चार बार वृद्धि की गई घोषित तौर पर बिजली कटौती जारी है। पिछले 1 साल में भाजपा सरकार का संरक्षण तस्करों, जमाखोरों और बिचौलियों जिसके चलते रेत की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है, ऑनलाइन सट्टा चालू है गांव-गांव शराब की अवैध बिक्री जोरों पर है,

स्वास्थ्य सेवा बदहाल है। स्कूली बच्चों की किताबें रद्दी में बेची जा रही हैं, शिक्षकों का अभाव है, बच्चों को धमकाया जा रहा है, रेडी टू इट का भुगतान बंद है, इस सरकार में हर वर्ग पीड़ित है। और तो और आरक्षण विधेयक विगत 2 वर्षों से राजभवन में लंबित है। आज दिनांक तक 500 रुपए में सिलेंडर का वादा झूठा निकला और तो और आज दिनांक तक 13वां मंत्री नही बना पाए हैं। इस प्रकार वर्तमान भाजपा सरकारके एक साल में सिर्फ अपराध बढ़े हैं और अवैध व्यवसाय, नशे, जुआ, सट्टे की चहुंओर बाढ़ आई हुई है ।

---

## शहर में निकाली गई शोभायात्रा



**महासमुंद।** गुडरूपारा स्थित मां दक्षिणेश्वरी दुर्गा मंदिर समिति दुर्गा चौक द्वारा श्रीमद देवी भागवत कथा महापुराण कथा अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के पश्चात देवी भागवत कथा स्थापना किया गया। कथा वाचक नगर पुरोहित पंकज तिवारी होंगे। कथा दोपहर 2 बजे 5 बजे तक होगी।

---

## हाई तकनीकी लीडर सर्वे ड्रोन से सिकासेर नहर परियोजना सर्वे हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद



सिकासेर जलाशय की अतिरिक्त पानी एवं पैरी नदी में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को नहर निर्माण कर लाने बहुप्रतीक्षित डेम से डेम को जोड़ने वाली एवं नदी से नदी को जोड़ने वाली प्रदेश की पहली सिंचाई परियोजना के लीडर सर्वे कार्य चल रहा है। परियोजना के सर्वे टीम द्वारा योजना के सूत्रधार एवं खेती बचाओ आंदोलन के नेतृत्वकर्ता जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर एवं आंदोलन के कोर कमेटी के सदस्य गण खेमराज बघेल रविंद्र पटेल, हेमंत डडसेना, उत्तम साहू, रामनारायण साहू, घनश्याम सेन, अजीत कुमार, रवि देव वर्मा, राकेश साहू, उमाशंकर चौहान आदि के उपस्थित में लीडर सर्वे जो नई तकनीकी का इस्तेमाल कर हाई तकनीकी का उपक्रम से लैस ड्रोन के जरिए महासमुंद ब्लॉक के ग्राम बरेकल मुनगासेर के पास स्थित नहर पॉइंट से किया गया।

सर्वे टीम से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव आचार संहिता हटते ही सर्वे कंपनी को कार्य आदेश जारी हुआ उसके उपरांत तीन माह से सर्वे के कार्य चल रहा है जिसमें मैन्युअल सर्वे कंप्लीट हो चुका है अब लीडर सर्वे ड्रोन से किया जा रहा है। उसके उपरांत संपूर्ण कार्य योजना डीपीआर तैयार किया जाएगा और जल संसाधन विभाग को सौंप दी जाएगी। उसके उपरांत विभाग द्वारा स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। परियोजना के सूत्रधार सिंचाई परियोजनाओं के लिए आंदोलनरत किसान नेता हितेश चंद्राकर ने बताया कि यह परियोजना जिसका सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है धरातल में उतर गया तो छत्तीसगढ़ का पहला मॉडल परियोजना होगा जिसमें बिना बांध बनाएं 5 ब्लॉक का सिंचाई होगा जिसमें छुरा ब्लॉक, फिंगेश्वर ब्लॉक के असिंचित एरिया 18 गांव बागबाहरा एवं महासमुंद ब्लॉक के पूरा रकबा पिथौरा ब्लॉक के जोग नदी के तट तक एवं जोग नदी में परसवानी बैराज से और आगे पानी को ले जाया जा सकेगा लाखों एकड़ खेतों की सिंचाई होगी। लगातार गिरते जल स्तर एवं लगातार अल्प वर्षा से प्रभावित अकाल ग्रस्त क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित होगा सर्वे कार्य प्रारंभ होने से इस परियोजना के लिए अब किसानों में विश्वास आ चुका है और बहुत जल्दी ही कोर कमेटी के किसानों का बैठक की जाएगी।

---

# बागबाहरा एवं सरायपाली में हुआ विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद




खेल एवं युवा कल्याण द्वारा विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में 9 दिसंबर को आयोजित किया गया। इसमें लगभग 130 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह एवं समापन समारोह में अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी रहे। उनके द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, तात्कालिक भाषण, हस्तशिल्प, विज्ञान मेला, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता के परिणाम में सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान हाईस्कूल केन्दु द्वार एवं द्वितीय कन्या शाला सरायपाली ने प्राप्त किया। सामूहिक लोकगीत में शासकीय कन्या शाला प्रथम स्थान एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय सरायपाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में प्रथम स्थान सिंधु जगत प्रतिभा कॉलेज सरायपाली एवं द्वितीय स्थान पूनम भोई प्रतिभा कॉलेज सरायपाली ने प्राप्त किया। कहानी लेखन में प्रथम स्थान समीर नायक सरायपाली एवं द्वितीय विपाशा बारिक कलेंडा(तोरेसिंहा) स्कूल ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना साहू सरायपाली एवं द्वितीय स्थान जयंती साहू वीरेंद्र बहादुर कॉलेज ने प्राप्त किया। विज्ञान मेला में अर्पित नाग ने प्रथम स्थान शेखर वर्गे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य निर्णायक अनिल प्रधान, अजय आर्य, शीला विश्वास, अनिता चौधरी एवं यशवंत पटेल तथा सहयोगी व्यायाम शिक्षक एवं नोडल अधिकारी हेमसागर कैवर्त, शुभ्रा डडसेना, विजय पटेल, कुमार आदित्य विक्रम, वासुदेव पटेल, ऋषि कुमार साहू, मंजिला चौधरी व क्षितिपति साहू का कार्यक्रम में योगदान सराहनीय रहा।

### विखं स्तरीय युवा उत्सव बागबाहरा में हुआ

इसी तरह विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन पब्लिक स्कूल बागबाहरा में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अलका नरेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता पुष्पेंद्र चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि संजय मालवे, नंदू सोनी, बलबीर सिंह बग्गा, भूपेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे। समापन में अतिथि तहसीलदार बागबाहरा, केके वर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एसके साहू प्राचार्य पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सामूहिक लोकनृत्य में प्रथम स्थान योगराज एवं साथी ने प्राप्त किया। सामूहिक लोकगीत में प्रथम स्थान सूरज एवं साथी द्वितीय स्थान सुनीता धीवर, गीतांजलि चंद्राकर, सूरज पटेल ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता धीवर ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान चेतन राज दीवान एवं द्वितीय स्थान उर्वशी पटेल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक शेष नारायण साहू, विश्राम यादव, उषा चंद्राकर, धीरज तिवारी, फलेश साहू, बद्रिका ध्रुव, प्रीति वास्तव, मीना सोनवानी, मनीषा महानंद, धनश्याम साहू, उल्लास पटेल, किशनलाल मानकर, डोमार दास वैष्णव, अविनाश राव, देवेंद्र दीवान, पोषण चंद्राकर, हेमू दिवान, उमेश्वरी दिवान, मनीषा महानंद, घनश्याम साहू, पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ, देवलाल सिन्हा का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रेम चंद डडसेना एवं विश्राम यादव ने आभार प्रदर्शन किया।

---

## दत्तात्रेय जयंती पर प्रदेश स्तरीय गोस्वामी सम्मेलन राजिम में आज

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

भगवान राजीव लोचन की पावन धरा ऐतिहासिक धर्मनगरी राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर परिसर में अगहन पूर्णिमा पर 14 दिसंबर को गोस्वामी समाज द्वारा प्रांत स्तरीय भव्य दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाई जाएगी। प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के पश्चात 10.30 बजे भव्य भगवामय शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 सामूहिक भोज के पश्चात मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, विशिष्ट अतिथि रेखा राजू सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, चंद्रशेखर साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, नूतन लाल साहू समाजसेवी राजिम होंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि समाज के महंतगण, संस्थापकद्वय रमन गिरि एवं ओंकार पुरी तथा समाज के संरक्षक उमेश भारती होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी करेंगे। मंचीय कार्यक्रम में भगवान दत्तात्रेय दर्शन पर आधारित व्याख्यान के लिए श्याम गिरि भेंड्री एवं बाल विदुषी कीर्ति किशोरी भगवताचार्य भाटापारा मुख्य वक्ता होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं एवं प्रेरणास्त्रोत बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होगा। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम में पहुंचने की तैयारी कर ली गई है। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति की ओर से प्रांतीय प्रवक्ता कामेश्वर पुरी गोस्वामी ने दी।

## खबर संक्षेप

### जोगीडीपा में वीर मड़ई मेला कल

**पटेवा।** सर्व आदिवासी समाज जोगीडीपा पटेवा क्षेत्र के एकता एवं विकास मंच के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस एवं वीर मड़ई मेला का आयोजन सिद्ध बाबा मंदिर के पास जोगीडीपा में किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा राउत नाच, शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना, दोपहर 2 बजे प्रमुख अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, जय बूढ़ादेव मोर मयारू सुआ नृत्य कोना की प्रस्तुति होगी। रात्रि में लोक चंदैनी आर्केस्ट्रा रायपुर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि घासुराम दीवान, दूज बाई ध्रुव, त्रिलोकी मरई, मोहित ध्रुव, कुंती ध्रुव, रमाकांत ध्रुव, ह्यूमन दीवान, मनिहार ध्रुव, जमुना सिन्हा, सुनील पटेल, चंद्रशेखर देवांगन, जितेंद्र साहू, रूपकुमारी ध्रुव, उमा ध्रुव, डेजी रानी नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतराम दीवान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में सन्तोष ध्रुव, पवन ध्रुव, सुकालू ठाकुर, राजेंद्र गंगवशी समेत ग्रामीणजन तैयारी में लगे हुए हैं।

### निर्वाचन के लिए वार्डों का आरक्षण 17 दिसंबर को

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत निर्वाचन 2024-25 के लिए वार्डों का आरक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विनय कुमार लंगेह द्वारा 17 दिसंबर, मंगलवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। इस आरक्षण प्रक्रिया में नगर पालिका परिषद महासमुंद के 30 वार्ड, बागबाहरा एवं सरायपाली के 15-15 वार्डों के साथ-साथ नगर पंचायत तुमगांव, बसना और पिथौरा के 15-15 वार्डों का आरक्षण उपस्थित नागरिकों के समक्ष किया जाएगा। कलेक्टर ने आरक्षण प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित रहें।

### प्रतिनिधि को दो लाख की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने (मोटर यान दुर्घटना) से हुई मृत्यु पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के लिए कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम बम्हनी निवासी मंगलूराम की 13 जुलाई 2022 को मोटरयान दुर्घटना से मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनके पुत्र शत्रुघन को दो लाख रुपए की राशि प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई है।

### समय पर ऋण अदा करने की अपील


**महासमुंद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा विभिन्न वर्गों को वितरित किए गए ऋण की वसूली को लेकर अपील की गई है कि वे अपने ऋण की राशि समय पर अदा करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी प्रभा मारकंडे ने बताया कि अगर कोई ऋणी हितग्राही ऋण राशि का भुगतान 10 दिनों के भीतर नहीं करता है, तो उसका चुनाव नामांकन रद्द हो सकता है। खासतौर पर उन लाभार्थियों को चेतावनी दी गई है, जो आगामी पंचायत और नगरीय चुनावों में भाग लेने के इच्छुक हैं। ऋण मुक्त प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें तुरंत अपने ऋण का भुगतान करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जो ऋणी जानबूझकर या लापरवाही से ऋण राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन, समृद्धि और विकास का एक साल, हर वर्ग के विकास का संकल्प लेकर काम कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शुक्रवार को साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सफल एक वर्ष पूर्ण होने की ख़ुशी में आयोजित कार्यक्रम सुशासन का एक साल-छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे महासमुंद विधानसभा के कार्यकर्ताओं और नागरिकों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि 13 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ में सुशासन से सेवा के एक नए अध्याय का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की कमान संभालने के बाद विष्णुदेव साय ने राज्य में सुशासन के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया। राज्य के हर वर्ग गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के विकास के लिए बड़े कदम उठाए। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना लागू कर सरकार ने उनका सम्मान बढ़ाया है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना काफी कारगर साबित हो रही है। महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रहा है। इससे



महिलाएं आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। योजना से राज्य की लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इसी प्रकार केंद्र की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में विकास का नया अध्याय जोड़ रही है। गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए भी सरकार काम कर रही है। प्रदेश में युवाओं के लिए नए शैक्षणिक संस्थान, हाईटेक लाइब्रेरी खोले जा रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा मिल सके। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं।

इस प्रकार सरगुजा से लेकर बस्तर तक अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास के मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया गया है। एक साल में जहां मोदी की गारंटी के वादे पूरे हुए हैं, वहीं सरकार के प्रति जनविश्वास भी बढ़ा है।

## उपलब्धि: जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी की महत्वपूर्ण उपलब्धि

# युवाओं के कैरियर निर्माण में नवकिरण अकादमी की सार्थक भूमिका: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा खनिज न्यास निधि से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय में लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ पुलिस में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा (2021) में चयनित अभ्यर्थियों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान नोडल अधिकारी एमजी सतीश नायर (सहायक संचालक) एवं नवकिरण अकादमी के समन्वयक डी बसंत कुमार साव के प्रतिनिधित्व में मुलाकात की

स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कक्षा के भीतर नियमित रूप से आने वाले किसी भी विद्यार्थी का चयन निश्चित है। यदि आप मेहनत करते है, कक्षा में नियमित है, तो आज नहीं तो कल चयन होगा ही।

साथ ही सिन्हा ने नवकिरण अकादमी के शिक्षकों एवं समन्वयक का भी योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं आगे भी आवश्यक सहयोग करते रहने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। जिला प्रशासन द्वारा किया गया यह



### विधायक एवं कलेक्टर से छत्तीसगढ़ पुलिस एवं लोक सेवा आयोग में चयनित अभ्यर्थियों ने की मुलाकात

अभिनव प्रयास से स्थानीय युवाओं को कैरियर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी प्रतिभागियों को चयन के लिए शुभकामनाएं दी तथा आगे तैयारी जारी रखने व लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में शामिल होते रहने की बात कही।

संस्था के समन्वयक डी बसंत कुमार साव ने बताया कि मिनी स्टेडियम परिसर में संचालित नवकिरण अकादमी एवं जिला ग्रंथालय से आठ प्रतिभागियो ने छग पुलिस भर्ती परीक्षा (2021) में सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर आदि पद में अपना स्थान बनाया है। साथ ही लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा सन 2023 में दो प्रतिभागियों का चयन हुआ है। उक्त परीक्षा में जिला सेनानी के पद पर किसलय देवांगन चयनित हुए है। किसलय संस्था के फैकल्टी मेंबर रहे है एवं वे छग पुलिस भर्ती परीक्षा में उप निरीक्षक के रूप में भी चयनित हुए है।

वर्तमान में देवांगन जिला कोंडागांव में छात्रावास अधीक्षक के रूप में कार्यरत है। एक अन्य विद्यार्थी प्रमिला मांडले लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा में सहकारिता निरीक्षक के पद पर प्रतीक्षा सूची में है। संस्था के अन्य प्रतिभागियों में तिलक देवांगन (सूबेदार), भारती देवांगन (सूबेदार), भाग्य ध्रुव (उपनिरीक्षक), प्रदीप दीवान (उपनिरीक्षक), धनेश्वर कुमार दीवान (उपनिरीक्षक), भारती मांडले (उपनिरीक्षक), मयंक सिन्हा(प्लाटून कमांडर), निलेश कुमार साहू (प्लाटून कमांडर) आदि का चयन हुआ है। ज्ञातव्य हो कि प्राविण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तिलक देवांगन की पत्नी भारती देवांगन ने भी प्राविण्य सूची में स्थान बनाते हुए सूबेदार के पद पर चयनित हुई है। इस उपलब्धि के लिए स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव नवकिरण प्रबंधन व संचालन समिति मोहन राव सावंत, नोडल अधिकारी नवकिरण अकादमी व सहायक संचालक सतीश नायर, कमल नारायण चंद्राकर (डीएमसी), रेखराज शर्मा, डॉ रीता पांडेय, डा. दुर्गावती भारतीय, गजेंद्र ध्रुव, डी बसंत कुमार साव समन्वयक नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी ने समस्त चयनितों को बधाई दी।

नवकिरण अकादमी के शिक्षकगण हरिशंकर पटेल,सौरभ जैन, देवेंद्र कुमार निषाद, चंद्रशेखर साहू, राजदीप साहू आदि ने भी चयनित विद्यार्थियों की प्रशंसा की। शासकीय जिला ग्रंथालय के ग्रंथपाल के रूप में कार्यरत भागवत प्रसाद पटेल, यश कुमार चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस कमार के साथ ही साथ संस्था में कार्यरत कार्यालय सहायक सौरभ सोनवानी एवं टकेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

# शासन का सुंदर, स्वच्छ, पारदर्शी तथा जन हितकारी रूप ही है सुशासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसूइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य ने कहा कि सुशासन दिवस का उद्देश्य देश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में लोगों को जागरूक करना है। यह लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है। इसी तारतम्य में 13 दिसंबर को हरिशंकरनाथ एवं आलोक त्रिलोक हिरवानी अतिथि सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में संगोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बीए, बीएससी, बी कॉम. के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

संगोष्ठी में तुशा साहू बीएससी प्रथम सेमे. ने बताया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों की वजह से ही राज्य में देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व गुरु घासीदास-तमोर पिंगला स्थापित हो पाया है। फरज़ाना कुरैशी बीएससी प्रथम सेमे. सीएस ने महतारी वंदन योजना से होने वाले प्रत्यक्ष आर्थिक लाभों से अवगत कराया। चिराग साहू बीएससी प्रथम सेमे. सीएस ने वर्तमान सरकार द्वारा पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को शारीरिक मापदंडों में दिए जाने वाले छूट को सराहा। वाद विवाद प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष सीएस के छात्र-छात्राओं ने दिलचस्प तरीके से तथ्यों को रखा। इसमें हर्षिता की टीम की ओर से कहा गया कि सरकार की योजनाओं में हम सभी को सहयोगात्मक रवैया अपनाना होगा। ताकि, सतत विकास संभव हो सके। दुपेश की टीम ने विपक्ष के रूप में अपनी बेहतर भूमिका निभाई।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रतिमा चंद्राकर वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी), रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), तरुण बांधे सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), मुकेश सिन्हा अतिथि सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर एप्लीकेशन), माधुरी दीवान अतिथि सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), शिखा साहू अतिथि सहायक प्राध्यापक (भौतिक), चित्रेश बरेठ सहायक प्राध्यापक (रसायन), संजय कुमार अतिथि प्राध्यापक (अंग्रेजी) तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने भारतीय भाषाओं को शिक्षा के सभी स्तरों में शामिल करना आवश्यक: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नागरिकों में एकता की भावना एवं संस्कृति को संरक्षित करने, स्कूली स्तर से ही बच्चों में भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य के प्रति रुचि एवं आदर की भावना विकसित करने, बहुभाषा को प्रोत्साहित करते हुए भारतीय भाषाओं में शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने, भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम प्रदर्शित कर उसके उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु नई पीढ़ी तैयार करने के उद्देश्य से 4 से 11 दिसंबर तक आयोजित भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में बाल कैबिनेट प्रभारी शिक्षक प्रेमचंद साव के नेतृत्व में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस सात वर्ष से नियमित प्रकाशित दीवार भित्ति पत्रिका बाल दर्पण का प्रकाशन कर विभिन्न भारतीय भाषाओं व स्थानीय भाषा में कुछ उपयोगी शब्दों व सरल वाक्यों से परिचय कराया गया। बच्चों को नेचर वॉक कराकर आसपास पाए जाने वाले पेड़ों की पहचान कर उनके नाम हिंदी एवं स्थानीय भाषा में लिखकर बोर्ड



बनाकर प्रदर्शित किया गया। नेचर वॉक के दौरान हुए अनुभवों को अपनी भाषा में लिखकर अपने अपने माता-पिता को सुनाने के लिए कहा गया। द्वितीय दिवस पर शिक्षक प्रेमचंद साव एवं छात्र -छात्राओं द्वारा संस्कृत, ओडिया, हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं अंग्रेजी भाषाओं में कहानी एवं कविता सुनाया गया। साथ ही विभिन्न भाषाओं में बच्चों एवं शिक्षकों के लिए शब्दकोश तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया। तृतीय दिवस बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी एवं स्थानीय भाषाओं में गीत, कहानी, कविता सुनाया गया। शिक्षक साव द्वारा स्वरचित कविता व लघुकथा सुनाकर बच्चों को लेखन के प्रति रुचि जागृत किया गया। बच्चों द्वारा लिखित कविता, निबंध, लेख को बाल पत्रिका शिक्षा अंजोर में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित किया गया। छठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा वीर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल पर आधारित नाटक का रोल प्ले किया गया। चतुर्थ दिवस जादुई पिटारा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर समुदाय के सहयोग से भाषा सीखने के लिए सहायक सामग्री का निर्माण किया गया। स्थानीय भाषा व अन्य भाषा संस्कृति सीखने हेतु क्लब का गठन किया गया।

पंचम दिवस विभिन्न भाषाओं में लघु नाटिका एवं छोटी-छोटी कहानियों को सुनाने का अवसर प्रदान किया गया। स्थानीय लेखकों एवं कवियों द्वारा लोक कला, कविता, कहानी सुनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक साव ने बताया कि भारत अपने विशाल भौगोलिक क्षेत्र में असंख्य भाषाओं के सह अस्तित्व के माध्यम से अनेकता में एकता का अद्भुत उदाहरण है। भारतीय भाषाओं में पाई जाने वाली भाषाई गुण और आपसी सामंजस्य देश की सांस्कृतिक व साहित्यिक समृद्धि को प्रदर्शित करता है। आगे भारतीय भाषा उत्सव का थीम भाषाओं के माध्यम से एकता के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं से राष्ट्रीय एकता निर्माण, समावेशी पीढ़ी के निर्माण में एवं सामंजस्यपूर्ण समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधान पाठक हीराधर साव द्वारा भी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी भाषा में गीत सुनाकर बहुभाषी के लाभ को बताया गया। छात्र-छात्राओं में पल्लवी सिदार, उन्नति देवांगन, सुमन नाग, हेमिका देवांगन, सुहाना दास, वर्षा यादव, देविका नंदे, ख्वाईश चौहान, कुंती साव, लता साव, शिखा साव, नेहा साव, प्रभात साव, रमन साव आदि छात्रों ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी, संस्कृत, ओडिया, अंग्रेजी आदि भारतीय भाषाओं में गीत, कविता, कहानी, नाटक की प्रस्तुति दी।

### परकोम में दो दिवसीय रामायण महोत्सव आज से

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम परकोम में 14 एवं 15 दिसंबर शनिवार और रविवार दो दिवसीय छग राज्य स्तरीय भव्य रामायण मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें बारह आंमत्रित मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति जुटी हुई हैं।











# सरकार का एक साल पूरा, बम्हनी स्कूल में हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से किया गया। शासन के आदेशानुसार 1 दिसम्बर से 20 दिसंबर 2024 के मध्य संचालित होने वाले गतिविधियों में जनसामान्य में



सरकार की जनहितकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है। इसके लिए विद्यालय में अध्ययनरत छात्र- छाताओं के मध्य क्विज, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता वंदना शुक्ला, दिनेश्वरी ध्रुव, सरिता गायकवाड़, मीनाक्षी पांडेय, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, आशा कोसरिया, उमेश्वरी ध्रुव, कुंजी पटेल, रितेश कुमार जोशी, नोमेंद्र वैष्णव, नीलम सिन्हा, डेनिस चंद्राकर, पेमेश्वरी साहू, अभिजीत ध्रुव आदि का सहयोग रहा।




## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए पूर्व सैनिक संगठन द्वारा साफ-सफाई की गई। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि इस दिन भारत-पाकिस्तान की लड़ाई हुई थी। भारतीय जवानों ने 25 जवान शहीद हुए थे। जबकि, 12 जवान घायल हो गये थे। इस दिन विजय दिवस पर शहीदों के परिवार जनों को सम्मानित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

### तुमगांव में निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य मूर्ति वार्ड नं 13 गार्डन स्थल में स्थापित की जाएगी। साथ ही चबूतरा व भव्य सौंदर्यीकरण कार्य लगभग 19 लाख रुपए की लागत से होगा। उक्त कार्य का निरीक्षण पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने किया।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतका के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखंड बसना के ग्राम बुटीपाली की मृतका ज्योति यादव के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### समस्याओं के निराकरण के लिए लगाया शिविर

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के धान खरीदी केंद्र में शिविर आयोजित किया गया। जहां किसानों के किसान सम्मान निधि से सबंधित सभी समस्याओं का निराकरण किया गया। कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों को भी इस विषय में अवगत कराया गया। आगामी समय में सभी वार्डों में शिविर लगाकर इस समस्या का निराकरण किया जाएग। नगर के सभी किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करने की बात कहीं। वहीं उद्यनीकी विभाग द्वारा किसानों को अनुदान में सब्जी के खेती करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष पोषण निर्मलकर, सभापति पार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व पार्षद पुष्कर यादव, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### निधन

**केसरबाई जैन**



**बागबाहरा।** वार्ड क्रमांक 5 निवासी केसरबाई जैन 104 वर्ष का 20 दिन संथारा के बाद निधन हो गया, जिनकr डोल यात्रा निकली और अंत्येष्टि स्थानीय मुक्ति धाम में हुई। वे भीखम सिंह जैन की माता एवं अरिहंत जैन की दादी थी।

---

**आयोजन : लोकमाता अहिल्या देवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष का आयोजन**

# देश में समाज की मजबूती के लिए महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**





उच्च शिक्षा संचालनालय एवं पं रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के पत्रानुसार एवं संस्था के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मागदर्शन में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या देवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि प्रो सच्चिदानंद शुक्ला कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर रहे। मुख्य वक्ता डॉ. टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत थे।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि लोकमाता अहिल्यादेवी का पुण्य स्मरण कर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है। मुख्य अतिथि कुलपति एवं मुख्य वक्ता के सानिध्य से पूरा परिसर सकारात्मक उर्जा से भर उठा है। निश्चित रूप लोकमाता के महान गुण का श्रवणकर छात्र छात्राएं समृद्ध हुए हैं। मुख्य अतिथि प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए महिलाओं को भूमिका महत्वपूर्ण होती है। गौरवमयी भारतभूमि के परंपरा व मूल्य पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। माता अहिल्या बाई हमारी भारतीय परम्परा की समृद्धता की जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई ने जीवनपथ के कठिनाइयों में भी प्रजा के विकास के लिए मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने आगे कहा कि अहिल्या बाई के जीवन से प्रेरणा लेकर युवा वर्ग अपने क्षमता और लगन से भारत भूमि को ऊंचाई की ओर ले जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. टोपलाल वर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के कार्य को जन जन तक पहुंचाना है। उनके कुशल प्रशासन, सामाजिक दायित्व, न्यायप्रियता एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य अनुकरणीय है। अहिल्याबाई ने 15 वर्ष की उम्र में राज काज संभाल ली। उनके संरक्षण में मालवा दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा था और प्रजा भी खुश थी। युद्ध कौशल में निपुण माता अहिल्या ने अस्त्र शस्त्र के अभाव में अपने सैनिकों को अस्त्र शस्त्र बनाने का प्रशिक्षण दिया और समृद्ध शस्त्रागार का निर्माण कराया। मालवा के हर संकट को हमेशा रानी ने अपना संकट मानी। शिव की महान उपासिका अहिल्या देवी ने अपने हस्ताक्षर के जगह शंकर लिखती थी। उन्होंने स्त्री शिक्षा पर कार्य किया और शोध कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में काशी से कटक तक रोड बनवाया। एकमात्र महिला जिसे पुण्यश्लोक की उपाधि दी गई। उन्होंने सबसे पहले दत्तक पुत्र प्रथा प्रारंभ किया और उसके बाद पुनर्विवाह प्रथा का भी आरंभ किया। इस प्रकार से लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर का योगदान स्मरणीय है। लोकमाता अहिल्या बाई पर छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध लेखन भी किया गया। जिसमें प्रथम एकता साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय डिम्पल जोगी एमए अंग्रेजी रही। विजेता छात्राओं को मंचस्थ अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। मंचस्थ अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर महेश चंद्राकर, उमेश भारतीय गोस्वामी, प्रभा थिटे, वाणी तिवारी जनभागीदारी सदस्य, एलुमनी सदस्य महेश मक्कड़, घनश्याम सोनी, कला संकाय अध्यक्ष डॉ रीता पांडेय, विज्ञान संकाय अध्यक्ष डॉ ईपी चेलक, वाणिज्य संकाय अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार राज, डॉ. नीलम अग्रवाल नैक समन्वयक, प्रो मनीराम धीवर आईक्यूएसी समन्वयक, प्रो सी खलको अंग्रेजी विभागाध्यक्ष, प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, दिलीप बढ़ई विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, सूरज राम रात्रे ग्रंथपाल, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी एवं आभार ज्ञापन डॉ. दुर्गावती भारतीय ने किया।

---

## छोटेटेमरी में भारतीय भाषा उत्सव पर हुए अनेक कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना**

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक छोटेटेमरी, संकुल केंद्र बड़ेटेमरी में भारतीय भाषा उत्सव 4 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक मनाया गया। जिसमें प्रति दिवस विभिन्न कार्यक्रम प्रधान पाठक गफ्फार खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विद्यालय में दीवार भित्ति पत्रिका की शुरुआत, मोबाइल से आनलाइन कहानी सुनाई गई। बच्चों ने हिंदी के पाठ मेरा एक सवाल को रोल प्ले कर सीखना सिखाया।

इस अवसर पर भारतीय भाषाओं पर आधारित बच्चों ने स्वर वर्ण, व्यंजन वर्ण, घरेलु वस्तुओं के नामों की प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने अपनी स्थानीय भाषा से छोटी-छोटी कहानियां सुनाए। भाषाई जुड़ाव को बढ़ाने के लिए सामुदायिक गतिविधियों आयोजित किया गया। बच्चों ने अपनी लोककला एवं संस्कृति के साथ समृद्ध एवं परंपराओं की जानकारी ली गई। साथ ही फलों, रंगों और शरीर के अंगों के नाम हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया में सीखे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका तंजू साव, प्रीतम पटेल का सहयोग रहा। भाषा उत्सव मनाने का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता का संदेश, भारतीय साहित्य के प्रति रुचि, बहुभाषा को बढ़ावा, भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और जागरुकता है। भारतीय भाषा उत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित करने पर बसना बीईओ जेआर डहरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा, सहायक एबीओ विनोद शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर सिंह कंवर, बड़ेटेमरी नोडल प्राचार्य शरद प्रधान, संकुल समन्वयक वारिश कुमार, शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त पालकगण ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उक्त जानकारी प्रधान पाठक गफ्फार खान ने दी है।

---

## पीएमश्री विद्यालयों की हुई गतिविधि आधारित प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**



जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में गुरुवार को पीएमश्री विद्यालयों की विभिन्न गतिविधि आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता, तार्किकता और विषयगत ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। उनके प्रतिनिधि के रूप में रमेश साहू और पवन पटेल ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और वंदन के साथ हुआ, जिसमें सहायक संचालक सतीश नायर, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी डीएन जांगड़े, राजकुमार साहू, विद्या साहू, संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर विद्या वैभव (ओलंपियाड), मंथन मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट और डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स जैसे रचनात्मक एवं शिक्षण आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबाड़ से जुगाड़, वाद-विवाद, ओलंपियाड परीक्षा, सामाजिक मुद्दों पर वीडियो क्लिप प्रस्तुति, ऐतिहासिक स्थलों की खोज, मॉडल निर्माण एवं हस्तलिखित पुस्तिका प्रदर्शन जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिले के सभी पांच विकासखंडों से पीएम विद्यालयों के छात्रों ने इस आयोजन में भागीदारी की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों द्वारा तैयार मॉडलों और हस्तलिखित पुस्तिकाओं का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। प्रथम स्थान अर्जित करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र मोमेंटो और पेन देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र पेन देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक खेमिन साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विकास मोहंती, एडमोन मिंज, कपिल यादव, कमलेश भारती, केशव साहू, संदीप, भुनेश्वर साहू, जागेश्वरी देवांगन और समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

---

## विद्यालयों में नशामुक्ति, साइबर क्राइम, नारी जागरण, समय प्रबंधन एवं योग के लिए जागरुकता अभियान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा संचालित देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से इंटर्नशिप में आए हुए तीन विद्यार्थी साकेत कुमार, यशवंत गिरी एवं प्रखर सक्सेना द्वारा पूरे महासमुंद जिले के विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालयों एवं गावों में जाकर बच्चों को नशा से होने वाले हानियों एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम तथा नारी जागरण एवं समय प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चाकर जागरुकता लाया जा रहा है। देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए हुए इन छात्रों द्वारा महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद, डीएमएस महासमुंद, हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा, हाईस्कूल अछोला, झलप, तुरेंगा, नरतोरा, तुरीडीह, पचेड़ा सहित आसपास के 17 विद्यालयों तथा महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर भलेसर में बच्चों को प्रातः काल योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। इसके पश्चात बागबाहरा विकासखंड विभिन्न विद्यालय बीके बहरा, दाबपाली, बरबसपुर, कसहीबाहरा, देवरी, कुसमी, बाघामुडा, बकमा, नवाडीह, खोपली, कोमाखान, बागबाहरा, तेंदुकोना एवं अन्य इकाइयों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। ये विद्यार्थी 28 नवंबर से 27 दिसंबर तक पूरे जिले में रहेंगे। सभी विकासखंड के विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालयों एवं इकाइयों में जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। यह जानकारी जिला समन्वयक बोध राम साहू ने दी है।

---




### वीर नारायण सिंह का बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे

**बसना।** सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में शहादत दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ सामाजिक परंपरा अनुसार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र बहादुर सिंह एवं अध्यक्षता जयदेव भोई ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अखिलेश भोई, केतु गहिर, दृब लाल मलिक, बरतराम नागेश, पांडव नाग, करतार सिंह, उदल सिंह पोर्ते, मुनु सिदार उपस्थित थे। उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने अपने उद्बोधन में संगठित रहकर समाज को मजबूती प्रदान करने प्रेरित किया। समाज को विकास की ओर ले जाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में थान सिंह जगत, नरेश पोर्ते, देवानंद नाग, शुभ सिंह, पहलवान सिंह,कंवर सर, यज्ञराम सिदार, चंद्रहास नाग, उपेंद्र नाग, पंकज भोई, विजय कौशिक, शिव शोभन सिंह ठाकुर, गणेश सिदार, सरविंद सिदार, मुकेश बुडेक, पद्मलोचन सिदार सहदेव वरगे ,जयलाल भोई, मेघनाथ जगत, रूपेश बीसी सुशील कोमर्रा, वीर सिंह, महेश बाघ, अन्नपूर्णा बुडेक , सत्यनारायण विशाल, जयलाल पोर्ते, वरुण बाघ, घनश्याम मांझी, जगदीश सिदार, एसएल मांझी, बसन्त कुमार, राजेंद्र जगत, टेन सिंग जगत एवं सैकड़ों की संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन गजानन भोई एवं आभार प्रदर्शन करतार सिंग ने किया।

---

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली**



विश्व मानवाधिकार दिवस पर व्यवहार न्यायालय परिसर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी, कुटुंब न्यायालय के प्रफुल्ल सोनवानी रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक चातुरी नंद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमिता मिंज भास्कर, शासकीय अधिवक्ता दीपक चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण आदित्य और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल रहे।

यह कार्यक्रम विश्व मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता और जिज्ञासा उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शुभ्रा डडसेना ने कुशलतापूर्वक किया। उन्होंने अपनी सहज और प्रभावशाली शैली से पूरे कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। समाजसेविका और विश्व मानवाधिकार आयोग की राष्ट्रीय सदस्य अनिता चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मानवाधिकार केवल एक कानूनी संरचना नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की गरिमा और स्वतंत्रता का आधार है। इसे सुरक्षित रखना हमारा सामूहिक दायित्व है। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल सोनवानी ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है और समाज में इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने न्याय और समानता के मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि एक संवेदनशील समाज तभी विकसित हो सकता है, जब हर व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान हो। विधायक चातुरी नंद ने मानवाधिकारों की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए हमें मानवाधिकारों की रक्षा करनी होगी। इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम जागरुकता फैलाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमिता मिंज भास्कर ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए हमें सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में राजेंद्र दास, भूपेंद्र सतपथी, अमित चौरसिया और टिकेश्वर मिश्रा ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य उपस्थित व्यक्तियों में रमेश प्रधान, संतोष मिश्रा, विजय प्रधान, केवी खान, दिनेश प्रधान, हरिकृष्ण नायक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, नागरिक शामिल थे।

---

## सम्मेलन में आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं संस्कृति विकास पर दिया जोर

**नर्रा।** सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम कोमाखान में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश्वरी नेताम रही। उन्होंने सभा को सारर्भित उद्बोधन में क्रांतिकारी एवं ऊर्जावान बातों से गूंजायमान कर दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि केवल सामाजिक पद में रहकर कोई व्यक्ति समाज सेवा नहीं कर सकता, बल्कि वह एक शासकीय सेवक रहते हुए भी बहुत सारे सामाजिक कार्य में भागीदारी देते हैं। उदाहरण के तौर पर राधेश्याम सोरी जो उस समय सीईओ के पदस्त होते हुए भी उनके सहयोग और कार्य का जिक्र करते हुए बताया गया कि समाज वालों को समाज के लोगों को पता ही नहीं चलता और हमारी यह धारणा गलत है कि शासकीय सेवक या कर्मचारी लोग समाज की सेवा नहीं करते या आते-जाते नहीं है। इस बात को उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि जो अधिकारी कर्मचारी हैं उनसे मार्गदर्शन एवं जो टेक्निकल



नॉलेज है वह मिलती है तब समाज के व्यक्ति या कोई जनप्रतिनिधि आगे बढ़कर काम करता है और इसीलिए उन्होंने कोई भी राजनीतिक दलों के फेवर नहीं करते हुए समाज की लड़ाई सामाजिक होकर लड़ने की बात कही और हमेशा समाज के संघर्षों के लिए तत्पर रहने और समस्याओं को समाधान के दिशा में कदम उठाकर क्रांति करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा स्वास्थ्य स्वालंबन और सत्ता काबिज करने की बात कही। वही सत्ता जब तक यह हमारे हाथ में नहीं होगी तब तक हमारी राजनीति नहीं होगी और राजनीति सुदृढ़ नहीं होगी तो हमारी मांगे शासन-प्रशासन नहीं मानेंगे इसलिए हमारे सभी बुद्धिजीवों को समाज प्रमुखों को अपने हक अधिकार एवं एवं कर्तव्यों के लिए हमेशा सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता है। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में बारी-बारी से सभा को संबोधित किया गया। जिसमें सर्किल अध्यक्ष करागुला सुरेंद्र सिंह मांझी, सर्कल अध्यक्ष कसेकेरा ओंकार ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष भालूचुंवा मोहर ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष बाघमुंडा अरुण ठाकुर एवं पदाधिकारी द्वारा अपने समाज के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक एवं संस्कृति विकास की बात कही गई। केंद्रीय अध्यक्ष 18 गढ़ तिरुमाय बसंता ठाकुर द्वारा पूरे 18 गढ़ को एक बंधुता भाई चारे समरसता समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित एक सुदृढ़ समाज के निर्माण करने की बात कही। साथ ही अपने पंचवर्षीय कार्यकाल में हर वर्ष प्लान के तहत हर एक एक वर्ष बड़े कार्यक्रम आयोजन करने की बात भी कही। जिसमें आने वाला साल 2025 में युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं 18 गढ़ के जितने भी अधिकारी कर्मचारी का डाटा एकत्रित करने का प्लान बनाकर समाज विकास में मार्गदर्शन लेने की बात कही गई और अपने उद्बोधन में उन्होंने और इसी तरह के आयोजन और दूसरे जो गोत्र धारी हैं उनको भी आमंत्रित करने का आग्रह किया। इस दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




**आवश्यकता हैं**

हरिभूमि

**बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये आवेदन आमंत्रित है**

स्वयं का वाहन आवश्यक

**रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2**

योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवती को प्राथमिकता

संपूर्ण बायोडाटा

Resume Email या Whatsapp करें

Cir.haribhoomi@gmail.com

8370049468, 8224035555

**हरिभूमि कार्यालय**
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

**जिला ब्यूरो कार्यालय**
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)